कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com    www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–07, अक्टूबर 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## नये लक्ष्य की ओर कामधेनु कलरमैक्स डीलर्स लुधियाना डीलर्स मीट में नया संकल्प




कंपनी को अग्रणी बनाए रखने के लिए कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति का आपस में बेहतर तालमेल होना जरूरी है। इस तालमेल से बड़े से बड़ा लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है और सामूहिक विकास को बेहतर ढंग से किया जा सकता है। देश की अग्रणी कंपनी में शुमार कामधेनु लिमिटेड ने हमेशा ही इसके लिए बेहतरीन प्रयास किया है। इसी के तहत कंपनी ने पूरे देश में फैले अपने लौजिस्टिक्स नेटवर्क को एक उद्देश्य के लिए मोटिवेट किया है। डीलर्स, डिस्ट्रीब्यूटर और फ्रैंचाइजी पार्टनर के बीच आपसी संवाद स्थापित किया है। इसी कड़ी में कंपनी ने लुधियाना के होटल महाराजा रीजेंसी में लुधियाना के डीलर्स के लिए एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया।

इस खास सम्मेलन में लुधियाना के 120 से अधिक कामधेनु कलरमैक्स डीलर्स ने हिस्सा लिया। यहाँ कामधेनु लिमिटेड के पदाधिकारियों ने डीलर्स के प्रदर्शन की सराहना की और आगे भी लगातार बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही पदाधिकारियों ने डीलर्स के उत्साह को देखते हुए कामधेनु कलरमैक्स की बाज़ार में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी बढ़ाने का नया लक्ष्य रखा। पदाधिकारियों ने कलरमैक्स में जोड़े गए नए सुरक्षा फिचर को डीलर्स को प्रजेंटेशन के जरिए विस्तार से बताया। सुरक्षा के इन नये गुणों से कलरमैक्स की नकल करना नामुमकिन होगा और ग्राहक भी कामधेनु की नई इनोवेटिव पहल से संतुष्ट होंगे। कई अहम बातों को साझा करते हुए राज्य में हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। कामधेनु कलरमैक्स से जुड़ी कुछ खास योजनाओं को भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा साझा किया गया। कंपनी ने उन डीलर्स को भी सम्मानित किया जिन्होंने अपने लक्ष्य को आसानी से पूरा कर लिया और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया।

कामधेनु कलरमैक्स कंपनी का ब्रांडेड उत्पाद है जिसका उपयोग विकास की बहुत सी योजनाओं में किया जा रहा है। अपनी गुणवत्ता से कलरमैक्स ग्राहकों और कांट्रेक्टर्स की पहली पसंद बना है। प्रतिस्पर्धी कीमत पर उपलब्ध इस उत्पाद का इंस्टालेशन भी काफी आसान है, जिससे तेज गति से निर्माण करने में सहायता मिलती है। कामधेनु कलरमैक्स की जंग रोधक क्षमता और टिकाऊपन इसके बहुआयामी उपयोग को परिभाषित करती है।

यहाँ डीलर्स ने भी हर योजना को बेहतर ढंग से समझा और आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कंपनी के पदाधिकारियों में श्री वी.के. गहलोत (सीनियर जी.एम. मार्केटिंग), श्री भास्कर चौधरी (जी.एम. मार्केटिंग), श्री हिमांशु शर्मा, श्री हेम चंद्र भट्ट, श्री सचिन ठाकुर, श्री कमल कुमार, और श्री उदित सिंह सम्मिलित हुए। इनके साथ ही कंपनी के उत्पादों का लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए निर्माण करने वाले फ्रैंचाइजी पार्टनर्स मेसर्स चेतक इंडस्ट्रीज के निदेशक अनीष गोयल, निदेशक श्री अंबरीश और कमल गोयल एवं मेसर्स ग्लोबल प्रोफाइल्स एंड अलॉय के निदेशक श्री संजीव सैनी और ज्योति कंसारा भी सम्मिलित हुए।


इस भव्य आयोजन में श्री भास्कर चौधरी ने कहा, ''हम इस बात को समझते है कि एक बड़े लक्ष्य तक पहुंचने के लिए और निरंतर विकास करने के लिए सभी के योगदान की जरूरत है। डीलर्स कामधेनु परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य है जो कंपनी को नई ऊँचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। इसलिए हमारी भी यह कोशिश है कि हमारा साझा प्रयास इसी तरह चलता रहे और हम आपके अथक प्रयासों के लिए आपको पुरस्कृत करते रहें। आपने जिस तरह से अभी तक के हर लक्ष्य को पूरा किया है उससे लगता है कि अगले वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित किए गये 40 प्रतिशत लक्ष्य को भी आप आसानी से पूरा कर लेंगे।''

# प्रधानमंत्री मोदी को मिला सियोल शांति पुरस्कार 2018




अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को गति देकर भारत में लोगों के जीवन स्तर को सुधारने तथा भ्रष्टाचार निरोधक उपायों और सामाजिक एकता के प्रयासों के जरिए देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 2018 के सियोल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। सियोल शांति पुरस्कार की शुरूआत 1990 में कोरिया गणराज्य में 24वें ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में की गई थी। यह पुरस्कार मानवता के कल्याण और विश्व शांति के लिए योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रत्येक दो वर्ष में एक बार दिया जाता है। इस पुरस्कार के पिछले विजेताओं में संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान, जर्मन चांसलर एंजेला मार्केल और डॉक्टर्स विदाउट बॉडर्स तथा ऑक्सफैम जैसी प्रसिद्ध हस्तियों सहित अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। इस पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री के नाम का चयन 1300 से अधिक उम्मीदवारों के बीच किया गया है। चयन समिति ने प्रधानमंत्री मोदी को इस पुरस्कार के लिए 'सर्वश्रेष्ठ' उम्मीदवार माना है। समिति ने विमुद्रीकरण और भ्रष्टाचार निरोधक उपायों के जरिए सरकारी तंत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कदमों की भी सराहना की है।

# कैंसर के इलाज की जगी नई उम्मीद



कैंसर के इलाज की पीड़ादायक प्रक्रिया से अब छुटकारा मिलने की नई उम्मीद जगी है। कैंसर के उपचार की पद्धतियों में केमो थेरेपी और रेडिएशन थेरेपी प्रमुख है। जिनके द्वारा मुख्यतः वर्तमान समय में इलाज किया जाता है। दोनो ही प्रक्रिया लंबी और महंगी है। मगर अब इसका एक सरल समाधन भी हो सकता है। चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करते हुए दो वैज्ञानिकों ने शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र के जरिए कैंसर के उपचार का तरीका ढूंढा है। इस क्रांतिकारी उपचार पद्धति के लिए दोनों वैज्ञानिकों जेम्स एलिसन और जापान के तासुकु होंजों को चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। अनुसंधान के अनुसार शरीर के अंदर मौजूद रक्षा कोशिकाएं (टी–सेल्स) कैंसर के विशाणुओं से लड़ने में सक्षम है। मगर इसमें कुछ प्रोटिन बाधा की तरह काम करते है जो टी–सेल्स को कैंसर के ट्यूमर तक पहुंचने से रोकते है। इन बाधा पहुंचाने वाले प्रोटिन को निष्क्रिय कर और टी–सेल्स की क्षमता को बढ़ाकर कैंसर के प्रभावी उपचार की संभावनाओं को बढ़ाया है।

# विराट ने रचा इतिहास




भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने वनडे इन्टरनैश्नल में सबसे कम पारियों में 10 हजार रन बनाकर नया रिकार्ड बनाया है। इससे पहले यह रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था जिन्होंने 259 पारियों में 10 हजार रन बनाए थे। इस रिकार्ड तक पहुंचने के लिए कोहली को 81 रनों की जरूरत थी। जिसे उन्होंने विशाखापट्टन में वेस्ट इंडीज के साथ खेले जा रहे मैच में पूरा कर लिया। इस मैच में कोहली ने 129 गेंदों पर 157 रन बनाए।

# लंदन की सैर पर कामधेनु डीलर्स



देश में कंस्ट्रक्शन के उत्पादों का निर्माण करने वाली अग्रणी कंपनी कामधेनु लिमिटेड हमेशा कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति तक बेहतर इंसेंटिव पहुंचाने का प्रयास करती है। कंपनी द्वारा दिया जाने वाला इंसेंटिव हमेशा ही नये तरह का होता है। जिससे कंपनी के डीलर्स व कंपनी से जुड़ा हर सदस्य पूरी लगन के साथ अपने कार्य को पूरा करने पर जोर देता है, जिससे औरों को प्रेरणा मिलती है। प्रेरित करने वाले इंसेंटिव में खास है टूर पैकेज जिसे कंपनी समय–समय पर डीलर्स को देती है। इसके तहत कंपनी के डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को देश–विदेश के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर घुमने का सुनहरा अवसर मिलता है। इससे उन्हें दुनिया की अलग–अलग संस्कृति और नये इनोवेशन को देखने व जानने का अवसर भी मिलता है।

डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए इस बार कंपनी ने बिहार के डीलर्स को चुना। इसके तहत लगभग 40 डीलर्स को ब्रिटेन की राजधानी लंदन की सैर का अवसर मिला। 5 दिनों तक चले इस टूर में डीलर्स को लंदन के सभी विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को करीब से देखा। थेम्स नदी पर बसा यह शहर लंदन, जितना प्राचीन है उतना ही आधुनिक भी है। इस शहर ने टिकाऊ विकास की परिभाषा को बेहतर ढंग से अपनाया है। यहाँ के कई बेहतरीन इमारते है जो कंस्ट्रक्शन से जुड़े हर व्यक्ति को मोटिवेट करते हैं। यहाँ के ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट कंस्ट्रक्शन का आदर्श नमुना है।

नॉलेजफुल और मोटिवेट करने वाले इस टूर की शुरुआत 10 सितम्बर को हुई। डीलर्स ने लंदन पहुंचकर यहाँ बेहतरीन होटल में फुर्सत के पल बिताए, तरो–ताजा होने के बाद कंपनी के डीलर्स ने विश्व धरोहरों में शुमार टॉवर ऑफ लंदन, किऊ गार्डन, वेस्टमिंस्टर पैलेस और ग्रीन वीच वेधशाला की सैर की। यहां सभी डीलर्स ने हर रमणीय स्थल पर खूब मौज–मस्ती की और हर एक पल को कैमरे में हमेशा के लिए कैद किया। डीलर्स ने यहाँ के प्रसिद्ध रेस्टोरेंट में बेहतरीन व्यंजनों का लुत्फ उठाया इसके साथ ही देश से दूर लजीज भारतीय खानों का भी स्वाद चखा।





इस टूर में डीलर्स को मोटिवेट करने के लिए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी कंपनी के पदाधिकारियों सहित सम्मिलित हुए। साथ ही कामधेनु एनएक्सटी का लाइसेंस अग्रीमेंट के जरिए निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स दादीजी स्टील्स प्रा.लि. के निदेशक श्री रमेश गुप्ता जी और बिनय सिंह भी सम्मिलित हुए। इस सफल यात्रा के दौरान कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने डीलर्स को संबोधित करते हुए कहा, ''डीलर्स कामधेनु परिवार की अहम कड़ी है जो कंपनी को आगे बढ़ाने के लिए लागातार प्रयास करते रहते हैं। इसलिए हमारी कोशिश है कि डीलर्स तक बेहतर इंसेंटिव को पहुंचाए ताकि वो मोटिवेट होकर हर लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास करें। टूर पैकेज इसी तरह का प्रयास है। इससे डीलर्स को भी दुनिया में हो रहे नये–नये कंस्ट्रक्शन को करीब से देखने और टिकाऊ विकास की परिभाषा को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.10.2018



# मैक्सीमम सुरक्षा से सुसज्जित

KAMDHENU COLOUR MAX
COLOUR COATED METAL SHEETS

## नई इनोवेशन से असली कलरमैक्स को पहचानना हुआ और आसान

कामधेनु लिमिटेड हमेशा ही ऐसे उत्पादों के निर्माण पर जोर देती है जो उच्च गुणवत्ता के हो ताकि ग्राहक को अधिकतम संतुष्टि मिले। इसके साथ ही कंपनी ने ग्राहाकों के हित को भी हमेशा ही पहले स्थान पर रखा जिससे कंपनी पर और कंपनी के हर उत्पाद पर लोगों का भरोसा लगातार बढ़ता गया। इस भरोसे ने कंपनी को दो दशकों में ही देश की शीर्ष कंपनी में शुमार कर दिया। कामधेनु लिमिटेड ने लोगों के इस विश्वास को समझा और इसके लिए एक नई पहल की है ताकि पूरे देश में कंपनी के असली उत्पाद की पहचान आसानी से की जा सके।

कंपनी ने अपनी उच्च गुणवत्ता वाली शीट्स, कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स को सुरक्षा के नये गुणों से सुसज्जित किया है। इसके तहत कंपनी ने शीट्स पर **'मल्टी–सुरक्षा फिल्म'** को लगाया है, जो उत्पाद को मल्टी सुरक्षा देती है। इस सुरक्षा को कई स्तरों पर परखा जा सकता है इसमें टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया गया है। इसमें लगाया गया प्रिंटिंग कोड मैग्नाफाइंग ग्लास के जरिए देखा जा सकता है जो शीट्स के असली और नकली होने का प्रमाण देता है। इसके अलावा वाइस पैन के माध्यम से भी असली शीट्स को पहचाना जा सकता है। शीट्स के एक खास हिस्से पर वाइस पैन लगाने पर यह पैन आवाज के माध्यम से कहता है ''ये असली कामधेनु कलरमैक्स शीट है''।

इस सुरक्षा फिल्म के और भी फायदे है। ये शीट्स पर स्क्रेच नहीं आने देता है और इसे आसानी से शीट्स से निकाला जा सकता है। इसके साथ ही ये मल्टी–सुरक्षा फिल्म शीट्स की चमक को बनाए रखता है। यह ग्राहाकों को उत्पाद की स्पष्ट पहचान देता है जिससे उनके मन में किसी तरह का भ्रम नहीं रहता है।

कामधेनु करलमैक्स कलर कोटेड शीट्स देश में आज एब बड़ा ब्रांड है। इसकी उच्च गुणवत्ता के कारण देश में इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। इस मांग को देखकर कुछ लोग अन्य कंपनी के उत्पाद को कामधेनु कलरमैक्स के नाम से बेच रहे है। अब इस सुरक्षा फिल्म से नकल करने और नकली उत्पाद बेचने वालों पर नकेल कसी जा सकेगी।

कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट्स एक बेस्ट रूफिंग सोल्यूशन है। हाई–रिब, टाइल प्रोफाइल, कर्व्ड और सटैंडर्ड डिजाइन के साथ ही ये शीट्स अलग–अलग साइज और मोटाई में भी उपलब्ध है। इस शीट्स को मजबूत, टिकाऊ और सुरिक्षत बनाने के लिए कामधेनु लिमिटेड ने उन्नत तकनीक के साथ अच्छी गुणवत्ता वाले रॉ मटैरियल का उपयोग किया है। अच्छे रॉ मटैरियल और तकनीक के मेल से ये शीट्स एक बेहतर इको–फ्रेंडली उत्पाद बना है और इसका रख रखाव भी बहुत कम है। प्रतिकूल मौसम में भी इसकी क्षमता बेहतरीन है। टिकाऊ व आकर्षक पेंट से की गई इसकी कोटिंग इसकी क्षमता को बढ़ाने के साथ ही इसकी खूबसूरती को भी बढ़ा देता है। इसकी कलर कोटिंग कमरे के तापमान को सामान्य शीट की तुलना में ज्यादा ठंडा रखती है।

इस सुरक्षा फिचर को पेश करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने कहा, ''कामधेनु कलरमैक्स कलर कोटेड शीट हमारा बेहतरीन उत्पाद है जिसे हमने मल्टीकलर सुरक्षा फिल्म की खासियतों से सुसज्जित किया है। इस इनोवेटिव पहल से हम ग्राहकों तक असली उत्पादों की पहुंच को सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह देश में नई व अपनी तरह की खास पहल है।''




## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री विजय कसाना**
**मेसर्स कांती स्टील**
बागपत रोड, निकट टी. पी. नगर
थाना, मेरठ – 250002
मो. 9837036233

**श्री प्रवीन वशिष्ठ**
**मेसर्स रूद्र स्टील**
शिव शक्ति विहार गढ़ रोड
मेरठ – 250002
मो. 9719866327

**श्री निरोत्तम किशोर**
**मेसर्स श्री नंद स्टील ट्रेडर्स**
फतेहाबाद रोड, कलाल खेरिया,
आगरा – 282006
मो. 9756204599

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by Kamdhenu Limited, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com